मैं यात्राओं को जीती हूं : वाणी कपूर

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर का कहना है कि उन्हें यात्रा करना काफी पसंद है और वह यात्राओं को जीती हैं। इस 31 वर्षीय अभिनेत्री ने पर्यटन अध्ययन में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उनका कहना है कि उनकी शिक्षा ने ही उनके अंदर नई जगहों को देखने की भावनाओं को बढ़ाया है।

बीते सप्ताह वाणी 12वें इंडिया रनवे वीक में डिजाइनर निकिता टंडन के लिए रैंप वॉक करने के लिए दिल्ली आई हुई थीं।

उन्होंने अपनी यात्राओं के कुछ अनुभवों को साझा किया। उनसे बातचीत के कुछ अंश-

आपकी फिल्म वार बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है, इस बारे में आपका क्या कहना है?

इस पर वाणी ने कहा, फिल्म के लिए मुझे बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शक इसे पसंद कर रहे हैं और मुझे मेरे दोस्तों, परिवार और भिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से प्रशंसकों के कई संदेश मिले। जब आपके प्रशंसक आपके काम को पसंद करते हैं तो काफी अच्छा महसूस होता है। यह चीज कलाकारों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

आपके सह-कलाकार ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के साथ काम करने का आपका अनुभव कैसा रहा?

उन्होंने बताया, दो सुपरस्टार्स के साथ काम करना मेरे लिए ट्रीट पाने जैसा था। दोनों ही शानदार हैं और उनके काम करने का अपना अनोखा और अलग तरीका है। मुझे उनके साथ काम करने में काफी मजा आया और बहुत कुछ सीखने भी मिला।

यात्रा अध्ययन में मिली डिग्री क्या आपके सफर करने के दौरान मदद करते हैं?

अभिनेत्री ने कहा, हां बिल्कुल, इस चीज ने मेरे अंदर नई जगहों को देखने की भावनाओं को बढ़ाया है।

आप कितनी यात्राएं करती हैं?

अभिनेत्री ने बताया, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, मैं उसे जीती हूं।

यात्रा के दौरान आपका पसंदीदा साथी कौन है?

इसके जवाब में वाणी ने कहा, मैं खुद। कहने का मतलब है कि मुझे अकेले यात्रा करना पसंद है। आमतौर पर मुझे खुद के साथ वक्त बिताना काफी पसंद है।

आपकी सबसे बेहतरीन यात्रा?

अभिनेत्री ने बताया, मेरी सभी यात्राएं अच्छी रहती हैं, लेकिन हाल ही में मैं गोवा गई हुई थी और वह मुझे बहुत पसंद आया।

आपकी सबसे खराब यात्रा?

वाणी ने कहा, जैसा कि मैंने बताया कि मुझे यात्रा करना पसंद है। मेरी सभी यात्राएं अच्छी रहीं और अगर मेरी यात्रा खराब होती भी है, तो मैं उसे अच्छा और यादगार बना लेती हूं।

यात्रा के दौरान आपका ध्यान सबसे ज्यादा किस बात पर रहता है?

अभिनेत्री ने कहा, खाना। मैं नई जगहों के साथ वहां के स्थानीय व्यंजन और फैशन की भी खोज करती हूं।

क्या आपने अगली यात्रा की योजना बना ली है?

इस सवाल पर अभिनेत्री ने कहा, अभी तो नहीं। अभी मुझे सिर्फ अपने काम को लेकर यात्रा करनी है।

वर्किंग वुमेन पर्स में जरूर रखें ये जरूरी सामान, मिनटों में मिलेगा परफेक्ट लुक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

आजकल की भागती-दौड़ती जिंदगी में अपने लिए समय निकाल पाना बहुत मुश्किल काम है. ऐसे में काम कर रही महिलाओं के पास तो खुद को तैयार करने तक का वक्त नहीं बचता.

वर्किंग महिलाएं खुद को अक्सर भागते-दौड़ते ही तैयार करती हैं. सुबह-सुबह घर से निकलते वक्त सही से मेकअप भी नहीं हो पाता. ऐसे में अगर आप वर्किंग वुमन हैं, तो आपको कुछ ऐसे सामान अपने पर्स में लेकर चलना चाहिए ताकि आप ऑफिस पहुंचकर 10 मिनट में अपने आप को तैयार कर सकें. आइए हम आपको बताते हैं कि ऐसी कौन सी चीजें हैं जिसे आप अपने पर्स में रख सकती हैं और कुछ ही मिनटों में कहीं पर भी अपना मेकअप कर सकती हैं.

फाउंडेशन: मेकअप करने के लिए आप अपने फेस पर पहले आप फाउंडेशन ही लगाती हैं. फाउंडेशन खरीदते वक्त इस बात का ख्याल रखें कि आपकी स्कीन टाइप क्या है. एक अच्छे से फेशवॉश से अपने फेश को वॉश करें फिर टिशूपेपर से फेस को पोंछकर ही फाउंडेशन को फेस पर अप्लाई करें.

कंसीलर: कंसीलर को ट्राइंगल शेप आंखों के नीचे लगाएं. फिर धीरे-धीरे फैलाएं और थोड़ा सा ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं.

आइलाइनर: आंखों को सजाने के लिए आइलाइनर बेस्ट ऑप्शन हो सकता है. आजकल आइलाइनर विभिन्न रंगों में आ गए हैं. इसे आप अपनी आंखों की वॉटर लाइन पर भी लगाएं.

काजल: काजल तो हर लड़की के पर्स में पाया जाता है. आपके पास कुछ न हो पर काजल लगाकर आप कुछ सेकेंड्स में खूबसूरत लग सकती हैं. काजल लगाकर आप फेसपाउडर से टचअप कर सकती हैं.

फेस पाउडर: फेस पाउडर परफेक्ट मेकअप टचअप के लिए जरूरी है. इससे आप अपने फेस को टचअप दे सकती हैं. फेस पाउडर खरीदते समय अपने फेस की स्कीन का जरूर ख्याल रखें. आप अपने शेड के अनुसार ही फेस पाउडर खरीदें.

लिपस्टिक: लॉन्ग लास्टिंग लिपस्टिक के लिए पहले लिपस्टिक लगाएं, अब टिशू पर होंठ दबाएं. इसके बाद थोड़ा लूज पाउडर होठों पर लगाएं और उसके बाद फाइनल कोट लिप्सटिक लगाएं. इससे लिपस्टिक ज्यादा देर तक टिकेगी.

लोशन: लोशन बहुत छोटी सी चीज है, जिसकी हमें बार-बार जरूरत पड़ जाती है. जब भी आप अपना हांथ धोते हैं या कुछ काम करने से आपका हांथ या फेस रूखा पड़ जाता है, तो आप लोशन लगा सकती हैं.

बीबी क्रीम: बीबी क्रीम आपको घर से निकलने से पहले या निकलते ही लगा लेना चाहिए क्योंकि बीबी क्रीम आपके चहरे को धूप और धूल से बचाए रखता है. छोटा सा बीबी क्रीम आपको ऑफिस के वक्त भी किसी भी काम से बाहर निकलने पर तुरंत मदद करेगा. आप पर्स निकालिए और क्रीम लगाकर फेस को धूप और डर्ट से बचा लीजिए.

मेकअप रिमूवर वाइप्स: मेकअप रिमूवर वाइप्स एक बेहद जरूरी चीज है. अगर अच्छे से मेकअप नहीं हुआ है या मेकअप फैल गया है, तो इस फैले हुए मेकअप को साफ करने में इससे आसानी होगी. मेकअप रिमूवर वाइप्स आपके मेकअप को साफ करने या फैले हुए मेकअप को ठीक करने में मदद करेगी.